"राष्ट्रीय हिंदी दैनिक"

सत्यम् लाइव

editor@satyamlive.com राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से प्रकाशित एवं दिल्ली-एन.सी.आर सहित सम्पूर्ण भारत में प्रसारित RNI: DELHIN/2023/90094

● वर्ष : 03 ● अंक : 328 ● नई दिल्ली, गुरुवार, 28 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण ● दैनिक ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 1.00 रु. ● SATYAMLIVE.COM





संविधान की कसौटी पर खरी उतरी एसआईआर

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला: बिहार से बंगाल तक विवाद पर विराम

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराने की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर फैसला सुना दिया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। साथ ही ये भी कहा कि देश में मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सांविधानिक अनिवार्यता की शर्त को भी एसआईआर पूरा करता है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक आयोग ने आज के फैसले से जिन मामलों का निष्पादन किया है, इसमें बिहार में कराए गए एसआईआर की सांविधानिकता और चुनाव आयोग के क्षेत्राधिकार पर तस्वीर साफ हुई है। आइए जानें कि सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में क्या कहा और इस फैसले की बड़ी बातें कौन-कौन सी हैं।

संविधान की कसौटी पर खरी उतरी एसआईआर प्रक्रिया

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराना पूरी तरह से वैध है और यह आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, लोक प्रतिनिधित्व कानून 1950 में चुनाव आयोग को एसआईआर कराने की शक्ति दी गई है। ऐसे में ये नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों के बाहर जाकर एसआईआर कराया।

क्या मतदाता सूची के लिए नागरिकता की भी जांच कर सकता है आयोग?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के पास शक्ति है कि वे मतदाता सूची के उद्देश्य के लिए नागरिकता की भी जांच कर सकता है। हालांकि ये अधिकार सिर्फ मतदाता सूची संशोधन तक सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया गया है।

मतदाता सूची से नाम हटाने की ये है शर्त

अदालत ने ये भी साफ किया कि अगर आयोग को लगता है कि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने की वैधानिक शर्तें पूरी नहीं करता है तो आयोग उस व्यक्ति को सक्षम प्राधिकारी के पास भेज सकता है। मतदाता सूची से कोई भी नाम हटाना सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए फैसले पर निर्भर होगा।

मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में एक अहम बात कही। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की तकनीकी व्यवस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसका आधार मतदाता सूची की शुद्धता, सटीकता और विश्वसनीयता भी है। कोर्ट ने माना कि एसआईआर का उद्देश्य इसी आधारभूत अखंडता को सुरक्षित करना है और यह मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने की सांविधानिक अनिवार्यता को भी मजबूत करता है।

क्या बिहार के बाहर भी प्रभावी होगा सुप्रीम फैसला? विवेचना बाकी

न्यायालय ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने बताया है कि बीते चार दशक से अधिक समय बाद गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि इस दौरान बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं, तेज शहरीकरण और पलायन से मतदाता सूची में दोहराव/त्रुटियों की संभावना है। यह मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

एसआईआर पर सुप्रीम फैसला



- संविधान की कसौटी पर खरी उतरी एसआईआर प्रक्रिया।
- मतदाता सूची के लिए नागरिकता भी जांच सकता है चुनाव आयोग।
- मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर जरूरी।



याचिकाकताओं ने किन बातों पर जताई थी आपत्ति

एसआईआर के खिलाफ याचिका दायर करने वाले याचिकाकताओं ने दावा किया था कि एसआईआर पूर्व की सूचियों में शामिल लोगों की नागरिकता की पूर्वधारणा को नकार देता है। याचिकाकताओं का कहना था कि एसआईआर प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और उससे जुड़े नियमों के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों के तहत नहीं आती है। याचिकाकताओं ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि यह शर्त गरीब, प्रवासी और हाशिए पर रहने वाले लोगों को मतदान अधिकार से वंचित कर सकती है, क्योंकि उनके पास पुराने रिकॉर्ड से जुड़ा दस्तावेजी प्रमाण मिलना मुश्किल है।

चुनाव आयोग की दलील- मतदाता सूची की शुद्धता के लिए एसआईआर जरूरी

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि रक्कन नागरिकता निर्धारण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने का अभ्यास है, ताकि केवल पात्र नागरिक ही सूची में रहें। आयोग ने कहा कि यह जैसी कठोर जांच नहीं है।

एसआईआर पर भाजपा ने कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण की नसीहत दी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को पूरी तरह वैध करार देने के फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस को मेहनत करने के साथ-साथ आत्मनिरीक्षण की भी जरूरत है। यह संवैधानिक धरातल पर विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज एसआईआर प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत सिद्ध कर दिया है। राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद, अब संवैधानिक धरातल पर भी यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढंकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए। एसआईआर प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान सम्मत माना है और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। न्यायलय ने इसे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक माना है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने आज स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को पूरी तरह वैध करार दिया। न्यायालय के फैसले के बाद अब देश के 19 राज्यों में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा का रास्ता साफ हो गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत वोटर लिस्ट की जांच, संशोधन और सत्यापन करने का पूरा अधिकार है। एसआईआर नोटिफिकेशन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कोर्ट ने साफ कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए साफ, पारदर्शी और अपडेटेड मतदाता सूची बेहद जरूरी है।

पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के दौरान ईडी अधिकारियों के काफिले पर समर्थकों का हमला

तिरुवनंतपुरम। कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल)-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन और धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद बुधवार को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में जबरदस्त राजनीतिक तनाव और हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास पर कई घंटों तक चली तलाशी के बाद जब ईडी अधिकारियों की टीम परिसर से बाहर निकली, तब वहां मौजूद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) कार्यकर्ताओं की भीड़ उग्र हो गई और अधिकारियों के काफिले पर हमला कर दिया। केरल पुलिस ने लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तलाशी अभियान खत्म



होने के बाद जैसे ही ईडी अधिकारी सरकारी वाहनों की ओर बढ़े, प्रदर्शनकारी केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तनावपूर्ण माहौल के बीच भीड़ ने आक्रामक रूप धारण कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने ईडी अधिकारियों को ले जा रही गाड़ियों पर पत्थर और लाठियों से हमला बोल दिया। इससे गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। घटनास्थल पर मौजूद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और केरल पुलिस के जवानों को हालात संभालने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। सुरक्षा बलों ने ईडी अधिकारियों को सुरक्षा घेरे में लेकर बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन उग्र भीड़ लगातार काफिले को रोकने की कोशिश करती रही। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख स्थानीय पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया और ईडी अधिकारियों के वाहनों को सुरक्षित रवाना कराया गया।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



नई दिल्ली। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को नई दिल्ली में परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उनके पिता पांडुरंग सावंत, पत्नी सुलक्षणा सावंत और बेटी पार्थिवी भी मौजूद रहीं। डॉ. प्रमोद सावंत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से सेवा तीर्थ में परिवार सहित मिलना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात रही। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात उनके पिता के लिए विशेष रूप से भावुक क्षण था, जिन्होंने जनसंघ के माध्यम से सामाजिक कार्यों की शुरूआत की थी और जीवनभर सेवा की भावना को आगे बढ़ाया। गोवा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह देश सेवा के लिए करोड़ों कार्यकर्ताओं को लगातार प्रेरित कर रहे हैं।

पेंपा सेरिंग ने दूसरी बार ली निर्वासित तिब्बत सरकार के सिक्योंग की शपथ



धर्मशाला। सर्वोच्च तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा की उपस्थिति में तिब्बत की निर्वासित सरकार के नवनिर्वाचित सिक्योंग यानी राष्ट्रपति पेंपा सेरिंग ने बुधवार को दूसरी बार पद और गोपनीयता की शपथ ली। पेंपा सेरिंग दूसरी बार लगातार इस पद के लिए निर्वाचित हुए हैं। शपथ समारोह मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग यानी दलाईलामा टेंपल में आयोजित किया गया। इस मौके पर 14वें तिब्बती धर्मगुरू दलाईलामा भी खास तौर पर मौजूद रहे। शपथ समारोह से पहले पेंपा सेरिंग धर्मगुरु दलाई लामा का आशीर्वाद लिया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) की ओर से आयोजित समारोह को तिब्बती लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथि, अधिकारी, विभिन्न विदेशी प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम तिब्बती शामिल रहे। सिक्योंग पद की शपथ लेने के बाद अपने सम्बोधन में पेंपा सेरिंग ने कहा कि तिब्बती राष्ट्रीय पहचान को कमजोर करने के लिए चीनी सरकार के सुनियोजित प्रयासों के बावजूद, चीन तिब्बती लोगों के अपनी मातृभूमि से अटूट बंधन को कमजोर नहीं कर सकता।

भारतीय कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने कच्छ में पकड़ी 100 किलो कोकीन

बरामद नशीले पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 1150 करोड़ बताया गया

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात एटीएस ने मुंद्रा तट के पास चलाए गए संयुक्त समुद्री तस्करी-रोधी अभियान में 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 1150 करोड़ रुपये बताया गया है। जहाज को आगे की जांच के लिए बंदरगाह पर लाया गया है। आईसीजी, गुजरात एटीएस और अन्य संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर रही हैं। समुद्री मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आईसीजी पांच वर्षों से अभियान चला रहा है। गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया यह पंद्रहवां नशीले



पदार्थ विरोधी ऑपरेशन है, जो समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और नशा मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इसी क्रम में आईसीजी ने गुजरात एटीएस के समन्वय से 25-26 मई की रात के समय मुंद्रा तट के पास संयुक्त खुफिया आधारित तस्करी रोधी अभियान चलाया। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि इंटरसेप्टर नावों पर एटीएस के जवान भी सवार थे। अभियान के दौरान मुंद्रा से लगभग पांच नॉटिकल मील की दूरी पर लंगर डाले हुए कंटेनर जहाज 'एमवी यूरोप' पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं।

व्यापार समझौते के लिए भारत आएगी अमेरिकी टीम

नई दिल्ली। पारस्परिक और परस्पर लाभकारी व्यापार संबंधित अंतरिम समझौते के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून तक भारत दौरे पर आएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा सरेखण जैसे कई क्षेत्रों पर व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने 7 फरवरी को संयुक्त वक्तव्य जारी कर पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमति व्यक्त की थी। इस ढांचे ने व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

ट्विशा मौत मामला: आरोपित पति समर्थ 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर



भोपाल। भोपाल की मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को आरोपित पति समर्थ सिंह को भोपाल की जिला अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 29 मई तक के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेज दिया है। अब सीबीआई की टीम समर्थ से नए सिरे से पूछताछ करेगी। सुनवाई से पहले सीबीआई समर्थ को बुधवार सुबह भोपाल के जेपी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे सीबीआई ने आरोपित को जिला अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी, जिसके बाद उसे सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया। ट्विशा के परिवार की ओर से वकील अंकुर पांडे ने बताया कि मामले की जांच अब पूरी तरह सीबीआई को सौंप दी गई है। अब जांच एजेंसी आरोपित समर्थ से नए सिरे से पूछताछ करेगी। वहीं, अब मामले की दिशा तय करने में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जांच को मजबूत करने के लिए सीबीआई पहले ही स्थानीय पुलिस से समर्थ सिंह का मोबाइल फोन, लैपटॉप, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में ले चुकी है। वकील अंकुर पांडे ने सीडीआर सुरक्षित रखने के लिए आवेदन दिया था, जबकि सास गिरिबाला सिंह की ओर से सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने को लेकर एप्लीकेशन दायर की गई है। इस आवेदन पर भी मंगलवार को सुनवाई हुई थी।

पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी मल्टीरोल लड़ाकू एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट से बाहर हुआ एचएएल

रक्षा मंत्रालय ने निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों को भेजा 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल'

नई दिल्ली। आखिरकार भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के निर्माण से हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को शॉर्टलिस्ट की गईं तीन कंपनियों को 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' भेज दिया है। परियोजना के तहत लगभग 15 हजार करोड़ की लागत से 5 प्रोटोटाइप विकसित किए जाएंगे। यह ट्विन-इंजन वाला रडार की पकड़ से दूर रहने वाला लड़ाकू विमान होगा जो सुपर-क्रूज क्षमता के साथ अत्याधुनिक सेंसर से लैस होगा। निजी क्षेत्र की भागीदारी में पहली बार रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर प्रोटोटाइप बनाए जाएंगे। इसीलिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल को टेंडर भेजा गया है। विमान के विकास और उड़ान परीक्षणों के लिए आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में लगभग 2,000 करोड़ की लागत से एक कोर इंटीग्रेशन और फ्लाइट टेस्टिंग सेंटर स्थापित किया जा रहा है। पहले प्रोटोटाइप के रोल-आउट की योजना 2026



के अंत या 2027 की शुरूआत में है, जिसके बाद 2028 तक पहली उड़ान और 2034-2035 तक इसे भारतीय वायुसेना में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। डीआरडीओ के मुताबिक एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) सिंगल-सीट और ट्विन-इंजन वाला विमान होगा, जिसे भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए तैयार किया जा रहा है। पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ, मल्टीरोल, एयर सुपीरियॉरिटी फाइटर में छठी पीढ़ी की आला प्रौद्योगिकियां भी शामिल होंगी। विमान के डिजाइन वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) ने तैयार की है, जो डीआरडीओ के तहत गठित विमानन डिजाइन और विकास एजेंसी है। एएमसीए का मार्क-1 संस्करण 5.5 पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों से लैस होगा और मार्क-2 में छठी पीढ़ी का प्रौद्योगिकी उन्नयन होगा।

क्या होगी खासियत: पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमला, बमबारी, अवरोधन के अलावा अन्य प्रकार की भूमिकाएं निभाएगा। यह सुपरक्रूज, स्टील्थ, उन्नत एईएसए राडार, सुपर मूनवेबिलिटी, डेटा फ्यूजन और उन्नत एविओनिक्स को कई जमीन और समुद्री बचाव के साथ पिछली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को मात देने में सक्षम होगा। यह वायु सेना में एचएएल तेजस, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल और नौसेना के एचएएल नेवल तेजस और मिग-29 की जगह लेगा। स्वदेशी फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना में जगुआर, मिराज 2000 और मिग-27 का उत्तराधिकारी बनाने का इरादा है।

यूपी: अमेठी से सपा विधायक महाराजी प्रजापति के घर पर दबंगों का हमला, लाठी-डंडों से की घर वालों की पिटाई

अमेठी से सपा विधायक महाराजी प्रजापति के घर पर अराजक तत्वों ने हमला कर दिया। महाराजी प्रजापति पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी हैं।

अमेठी : अमेठी कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी स्थित विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर देर शाम करीब 8:30 बजे दो दर्जन से अधिक दबंगों ने धावा बोल दिया। दो स्कॉर्पियो और अन्य गाड़ियों से पहुंचे लाठी-डंडों से लैस इन बदमाशों ने घर में मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर उन्होंने कथित तौर पर विधायक की भी पिटाई कर दी और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शुरूआती जानकारी के अनुसार, यह पूरा विवाद कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर की गई एक टिप्पणी (कमेंट) को लेकर हुआ है। घटना में शामिल सभी आरोपी समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं।

पुलिस जांच में जुटी, समर्थकों में भारी आक्रोश

घटना की सूचना मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। दूसरी ओर, इस हमले के बाद विधायक समर्थकों में जबरदस्त आक्रोश है और बड़ी संख्या में समर्थक उनके आवास पर एकत्र हो गए हैं।

मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार, अखिलेश यादव से कार्रवाई की मांग

विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति ने इस मामले में अमेठी कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने शेर बहादुर यादव, बृजेश यादव, जय सिंह प्रताप, बलराम यादव, अनुराग यादव, मनु पाल, विपिन यादव, राजेश यादव और शुभम यादव के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। अनुराग प्रजापति ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव से आरोपियों को तुरंत पार्टी से निष्कासित करने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अमेठी में सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के बाद सपा विधायक महाराजी देवी के आवास पर रात हंगामा हो गया। कई वाहनों से पहुंचे लोगों पर गालीगलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर रातभर आरोपियों की तलाश में दबिश दी। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



अमेठी कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी स्थित विधायक आवास पर रात करीब आठ बजे दो स्कॉर्पियो और कई मोटरसाइकिलों से सवार होकर पहुंचे लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि घर के बाहर मौजूद लोगों के साथ अभद्रता की गई। विरोध करने पर विधायक के भतीजे और घर में काम करने वाले लोगों की पिटाई कर दी गई। परिवार को जान से मारने की धमकी देने के बाद आरोपी वहां से चले गए। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर अमेठी कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद विधायक समर्थकों में नाराजगी दिखी और देर रात तक आवास पर लोगों की भीड़ लगी रही।

हमले के बाद विधायक आवास पर सन्नाटा, बंद कमरे में चलती रही रणनीति

सपा विधायक महाराजी देवी के आवास पर रात हुए हंगामे के बाद बाहर सन्नाटा पसरा रहा, लेकिन अंदर हलचल तेज रही। विधायक पुत्र अनुराग प्रजापति दिनभर समर्थकों संग बंद कमरे में घटना को लेकर चर्चा और आगे की रणनीति बनाने में जुटे रहे। आवास के बाहर समर्थकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी बनी रही। अनुराग प्रजापति ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि घटना के समय विधायक महाराजी देवी लखनऊ में थीं और अभी वहीं हैं।

एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को 10 हजार की घूस लेते पकड़ा

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के एक लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार की देर शाम उन्हें रिश्वत के दस हजार लेते रंगे हाथों दबोच लिया। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के महसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत सराय मेहराबाद का है। यहां तैनात लेखपाल उमेश पाठक एक काम के बदले 10 हजार की घूस मांग रहे थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से कर दी। इसके बाद टीम ने प्रभारी निरीक्षक राम सहाय यादव के नेतृत्व में ट्रैप जाल बुना और जैसे ही शाम लेखपाल उमेश पाठक ने रिश्वत के 10 हजार रुपये हाथ में लिए, टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

उत्तराखंड में जंगल की आग से हाहाकार, गोशाला तक पहुंची लपटें

कर्णप्रयाग। कर्णप्रयाग-विकासखंड के आदिबद्री तहसील के बूंगा गांव निवासी 51 वर्षीय सुरेशी देवी का आग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देर साम लगभग 7 बजे के आसपास बूंगा गांव की सुरेशी देवी अपनी गोशाला जा रही थी। इस दौरान जंगल में लगी आग उनकी गोशाला तक पहुंच गई। जिसके चपेट में आने से वो गंभीर रूप से झुलस गई व उन्होंने दम तोड़ दिया।

पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा शवः चौकी प्रभारी आदिबद्री अनिल आगरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल आदिबद्री के बूंगा गांव के जंगल मैं आग लगी हुई थी



व तेज आंधी तूफान के कारण आग सुरेशी देवी के गोशाला तक पहुंच गई। जिसकी चपेट में आने से 51 वर्षीय सुरेशी देवी गंभीर रूप से झुलस गई व उन्होंने दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई जा रही है व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए रेंजर नवल किशोर नेगी धनपुर रेंज गौचर ने बताया कि, उन्हें कल देर रात ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दी गई थी, सूचना पर तुरंत वनकर्मियों को रवाना किया गया। बताया कि किसी अज्ञात द्वारा बूंगा वन पंचायत में आग लगाई गई थी,तेज आंधी तूफान के कारण आग गोशाला के नजदीक तक पहुंच गई जिस कारण महिला आग की चपेट में आ गई। बताया कि ग्रामीणों द्वारा महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था इस दौरान महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कहा कि उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई जा रही है उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

बता दें कि कुछ दिन पूर्व चमोली जिले के बिरही क्षेत्र में जंगलों में लगी भीषण आग एक परिवार के लिए काल साबित हुई थी। आग बुझाने गए एक ग्रामीण (फायर वॉचर) की आग बुझाने के दौरान चट्टान से गिरकर दर्दनाक मौत हगई थी. जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल बना गया था,वहीं अब बूंगा गांव की इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है।

ट्रक से टकराई स्कूटी, साथी का जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवक की जान गई

अल्मोड़ाः अल्मोड़ा नगर के लोअर माल रोड स्थित न्यू इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में बीते सोमवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। एक स्कूटी कॉलेज गेट के पास तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल युवक संदीप आर्या को हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार को विजय कुमार का जन्मदिन था। दोनों जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। हादसे से कुछ देर पहले उन्होंने एक होटल में जन्मदिन सेलिब्रेट किया था लेकिन लौटते समय खुशियों का सफर हादसे में बदल गया। नगर के बख गांव निवासी संदीप आर्या अपने साथी विजय कुमार के साथ बेस क्षेत्र से जलाल बैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कॉलेज गेट के समीप मोड़ पर स्कूटी यूके 01डी-4413 का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रहे ट्रक यूके 04 सीए1999 के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी चालक संदीप आर्या गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका सिर फट गया और चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई। चिकित्सकों के अनुसार हादसे में उसका एक पैर भी फ्रैक्चर हो गया। वहीं पीछे बैठे विजय कुमार को पैर और छाती में हल्की



चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास मौजूद युवाओं ने दोनों घायलों को तत्काल बेस अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद विजय कुमार को छुट्टी दे दी गई जबकि संदीप की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूटी काफी तेज गति में थी और दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मोड़ पर अचानक नियंत्रण बिगड़ने से हादसा हुआ जिससे चालक के सिर पर गंभीर चोट लगी। मृतक संदीप परिवार का इकलौता बेटा था। एक बहन की पहले ही शादी हो चुकी है। संदीप के मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि संदीप के साथी विजय का जन्मदिन था।

पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपित गिरफ्तार

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जनपद के थाना जायस क्षेत्र में महिला से मंगलसूत्र लूट की घटना का पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है । पुलिस मुठभेड़ के दौरान लूट की वारदात में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र का लॉकेट, तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह रामबारी मजरे सराय महेशा निवासी सिताला ने थाना जायस में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बहन के साथ ई-रिक्शा से मायके ग्राम भीरा जा रही थीं। मोजमगंज पुल के पास कच्चे रास्ते पर पैदल जाते समय बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से



मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद थाना जायस में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को देर शाम सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल आरोपित खरौली से नसीराबाद की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। इस दौरान एक आरोपित गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाशों की पहचान खरौली निवासी बन्धन सिंह के रूप में हुई, जिसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और लूटा गया मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद हुआ।

दूसरा आरोपित नान वर्मा है, के पास से भी कारतूस बरामद किए गए। दोनों आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से महिला का मंगलसूत्र लूटा था। एएसपी ने बताया कि घायल आरोपित बन्धन सिंह एक हिस्ट्रीशीटर और शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ अमेठी और जीआरपी रायबरेली में चोरी, लूट, छिनैती, मारपीट और एनडीपीएस एक्ट समेत कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोरखपुर पहुंच रहे गोरक्षनाथ सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, कार्यकताओं में भारी उत्साह

गोरखपुर/लखनऊः गोरक्षनाथ सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद त्रिपाठी जी आज गोरखपुर के लिए प्रस्थान कर रहे हैं और कल प्रातः (गुरुवार) वहां पहुंचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यकताओं और सनातन समाज में भारी उत्साह का माहौल है।

गोरखपुर आगमन के दौरान संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। इस दौरान संगठन की आगामी रणनीतियों, देशव्यापी विस्तार और सनातन हित से जुड़े



विभिन्न सामाजिक व धार्मिक विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सह दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री संतोष मिश्रा जी ने बताया कि गोरक्षनाथ सनातन संघ निरंतर सनातन संस्कृति के संरक्षण, धार्मिक जागरूकता और सामाजिक एकता के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। श्री विनोद त्रिपाठी जी के कुशल नेतृत्व में संगठन देशभर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महंत श्री संतोष मिश्रा जी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में गोरखपुर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत करें और बैठक को सफल बनाएं।

यूपी में दरोगा समेत सात की मौतः 'हम तो सो गए थे, आंख खुली तो अस्पताल में थे'

उन्नाव : आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तड़के पांच बजे तेज रफ्तार स्लीपर बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। हादसे में बिहार के एक दरोगा व एक बंदी सहित सात लोगों की मौत हो गई जबकि 25 यात्री घायल हो गए। हादसा औरास थाना क्षेत्र के नीभाखेड़ा गांव के पास हुआ। इसकी वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। घायलों का इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। बस में बिहार, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, गुरुग्राम के यात्री थे। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली से चालक व 51 यात्रियों को लेकर स्लीपर बस एक्सप्रेसवे के रास्ते गोरखपुर जा रही थी। औरास के नीभाखेड़ा गांव के पास चालक दीपक को झपकी आने से 120 की रफ्तार में जा रही बस का दाहिना पहिया डिवाइडर पर चढ़ गया। इससे बस बायीं ओर पलटकर करीब 100 मीटर घिसटने के बाद अंडरपास के ऊपर बनी सेफ्टी वॉल से टकरा गई। यात्री एक-दूसरे पर गिरने लगे। खिड़की के पास बैठे कुछ यात्री करीब 40 फीट नीचे जा गिरे। मौके पर चीखपुकार मच गई। एक्सप्रेसवे से जा रहे दूसरे वाहन सवार लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम और पुलिस पहुंची और 30 यात्रियों को एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने छह यात्रियों को मृत घोषित कर दिया।

एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा



- स्लीपर बस पलटी, दरोगा समेत सात की मौत
- घायलों ने बयां किया तेज रफ्तार का दर्द
- यात्रियों को खिड़कियों से नीचे गिरते देख दौड़े लोग



24 यात्रियों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। यहां एक महिला ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के करीब आधे घंटे बाद पुलिस और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के कर्मी पहुंचे। करीब 20 एंबुलेंसों से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां भी पर्याप्त स्टाफ न होने से घायल तड़पते रहे। मरीजों के सीएचसी पहुंचने के करीब एक घंटे बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप तिवारी, फार्मासिस्ट संजेश गुप्ता और विपिन कुमार अस्पताल पहुंचे। इस दौरान यात्री दर्द से परेशान रहे। यात्री बृजेश कुमार और विनय यादव ने बताया बस को पहले आगरा निवासी विनय शर्मा चला रहा था। घटना से करीब आधा घंटे पहले रास्ते में उसको झपकी आने से बस कार से टकराने से बची थी। यह देख दूसरा चालक दीपक खुद बस चलाने लगा। उसके कुछ देर बाद ही यह घटना हो गई। हादसे में घायल हुए लोगों ने बताया कि हम तो रात में सो गए थे... जब सुबह आंख खुली तो खुद को अस्पताल में पाया। शुक्र है कि जान तो बच गई।

संभल में बकरीद पर हाई अलर्ट : डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

संभल : बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। संभल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए डीएम और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नखासा और कोतवाली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

अधिकारियों ने बाजारों, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लोगों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।



प्रशासन की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। जिससे की किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैल सके। बृहस्पतिवार को बकरीद मनाई जाएगी। गुन्नौर और गांव सैंजना मुस्लिम समेत करीब 30 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। त्योहार को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। गुन्नौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बकरीद के मद्देनजर 70 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही कुबार्नी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को निर्धारित गड्ढों में ही डालने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालकों को नोटिस जारी कर त्योहार के दौरान पशुओं को खुले में न छोड़ने की हिदायत भी दी गई है। बताया गया कि नगर गुन्नौर की आबादी करीब 50 हजार है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मुस्लिम परिवार निवास करते हैं। नगर में जामा मस्जिद, सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद, लाल मस्जिद, मजनू शाह मस्जिद, दालान वाली मस्जिद, काजियान मस्जिद और रजा मस्जिद समेत 30 से अधिक मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। वहीं गांव सैंजना मुस्लिम की मदीना मस्जिद, जामा मस्जिद, पूर्व वाली मस्जिद और बीच वाली मस्जिद में भी नमाज होगी। सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद के मौलाना हाफिज फुरकान रजा ने बताया कि ईद की नमाज के बाद कुबार्नी का सिलसिला शुरू होकर 30 मई के सूर्यास्त तक चलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुबार्नी सार्वजनिक स्थानों पर न करें और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी से बचें।

सार संक्षेप

गंगा एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, पांच घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का रायबरेली एम्स में इलाज चल रहा है। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रायबरेली के सलोन कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव के पास गंगा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार देर रात नोएडा से जौनपुर जा रही स्कॉर्पियो ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला व प्रतापगढ़ के संग्रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा,जिनमें समृद्धि (11), सरोज (35) और संगीता (22) की मौत हो चुकी थी। जबकि समर्थ (4), नीरज सिंह (45), प्रतिमा सिंह (35), गुरुचरण सिंह (48) और सविता सिंह (40) गंभीर रूप से घायल हो थे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सलोन के कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि सभी लोग नोएडा से जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र स्थित सीलमपुर गांव में पारिवारिक रामायण कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घायलों को एम्स में भर्ती किया गया है।

हमीरपुर में टक्कर लगते ही दो डंपर बने आग का गोला, खालासी जिंदा जला

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौरंग लेकर कानपुर जा रहा तेज रफ्तार डंपर सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया, जिससे दोनों डंपर आग का गोला बन गये। टक्कर इतनी भयानक थी कि डंपर की केबिन में खलासी फंस गया और देखते ही वह आग की लपटों में जिंदा ही जल गया। सूचना पाते ही पुलिस और दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया, जिसे पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की है। बिंवार थाना क्षेत्र के बांधुर-जलालपुर मार्ग पर एक डंपर खड़ा था। मंगलवार की देर रात करीब ढाई बजे भेड़ी मौरम खदान से एक डंपर बालू लेकर जलालपुर मार्ग से तेज रफ्तार में जा रहा था, तभी सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया। टक्कर होते ही दोनों डंपरों में आग लग गई। सूचना पाते ही बिंवार थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दमकल गाड़ी भी आनन-फानन मौके पर पहुंची। डंपर चालक जहांगीराबाद घाटमपुर कानपुर निवासी नईम पुत्र नदीम घायल हो गया। वहीं चालक का साथी खलासी केबिन में फंसकर आग की लपटों में जिंदा ही जल गया। दमकल गाड़ी ने पुलिस की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। घायल चालक को इलाज के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों डंपर भी आग में पूरी तरह से जल गए। पुलिस ने खालासी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ आरके पांडेय ने बुधवार को बताया कि डंपर का चालक घायल हुआ है, जिसका इलाज कराया जा रहा है। खालासी की मौत हो गई है। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद दोनों डंपरों को सड़क से हटवा कर यातायात सामान्य कराया है।

आदिबदरी के बूंगा गांव में जंगल की आग की लपटों में घिरी महिला, हुई मौत; नारायणबगड़ में महिला झुलसी

आदिबदरी/नारायणबगड़ : आदिबदरी तहसील के बूंगा नामक गांव के बदाढ़गाड जंगल में दोपहर से आग लगी थी। ग्रामीण पुष्कर लाल ने बताया कि मंगलवार शाम सात बजे बूंगा गांव के मदन लाल की पत्नी 50 वर्षीय सुरेशी देवी जब गांव से 200 मीटर दूर स्थित अपनी गौशाला जा रही थी तो वह रास्ते में आग की लपटों में घिर गई तब बहुत तेज हवा चल रही थी, वह आग से बुरी तरह झुलस गई। जलने पर जब महिला चिल्लाई तो गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और किसी तरह उसे आग से निकालकर घर ले आए। जब वे उसे हास्पिटल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तो तभी उसने दम तोड दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पटवारी और वन विभाग के अधिकारियों को रात को ही सूचित कर दिया था। बताया जाता है वन विभाग की टीम रात को गांव पहुंच गई थी। वहीं दूसरी और नारायणबगड़ के रेस चोपता गांव में एक महिला जंगल की आग में झुलस गई। झुलसी महिला कश्मीरा देवी का उपचार कर्णप्रयाग उपजिला अस्पताल में चल रहा है।

आंचल दूध दो रुपये हुआ महंगा, देहरादून जिले में एक जून से लागू होंगी बढ़ी हुई दरें

देहरादून : उत्तराखंड दुग्ध सहकारी फेडरेशन ने आंचल दूध के दाम दो रुपये प्रति किलो बढ़ा दिए हैं। देहरादून जिले में दूध की बढ़ी हुई दरें एक जून से लागू होंगी जबकि नैनीताल व हरिद्वार जिले में नई दरें लागू हो चुकी हैं। अमूल दूध के दाम में दो रुपये बढ़ोतरी के बाद प्रदेश सरकार का आंचल ब्रांड ने दूध की कीमत में बढ़ोतरी की है। बताया जा रहा है पैकेजिंग पॉलीथिन के रेट बढ़ने का असर दूध की कीमत पर पड़ा है। दुग्ध विकास विभाग के सहायक निदेशक जयदीप अरोड़ा ने बताया कि नैनीताल व हरिद्वार जिले में बीते सप्ताह से दूध की कीमत में दो रुपये की बढ़ोतरी लागू कर दी है जबकि देहरादून जिले में एक जून से लागू होंगी। आंचल दूध की खपत मैदानी जिलों में अधिक है। जिससे तीन जिलों में ही दूध के दाम बढ़ाए गए हैं।

मंत्री रविंद्र इंद्राज ने शाहबाद डेयरी में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

योगेश कुमार

नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को शाहबाद डेयरी के सी-ब्लॉक, सुनहरी चौक तथा लाला स्कूल रोड, शाहबाद डेयरी, बवाना में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि उक्त विकास कार्य मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत कराए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराना है। इंद्राज ने कहा कि शाहबाद डेयरी क्षेत्र में लंबे समय से सड़कों और नालियों की स्थिति अत्यंत खराब थी, जिसके कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बवाना विधानसभा के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि शाहबाद में कोई भी ऐसा ब्लॉक नहीं छोड़ा जाएगा जहां पीने के पानी की समस्या बनी रहे। जिन क्षेत्रों में अब तक पानी की पाइपलाइन नहीं पहुंची है, वहां नई पाइपलाइन डालने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। शाहबाद डेयरी में आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है और क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। मंत्री इंद्राज ने अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में समयबद्धता और समन्वय सुनिश्चित किया जाए। किसी भी सड़क को खोदने से पहले उसके निर्माण एवं पूर्ण होने की समय-सीमा तय की जाए। विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि केवल घोषणाएं करना आसान है, लेकिन कथनी और करनी में समानता होना आवश्यक है। सरकार का उद्देश्य दिखावा नहीं बल्कि जनहित में परिणाम आधारित कार्य करना है। बवाना से शाहबाद डेयरी तक आदर्श ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा और निकासी का पानी सीधे नालों तक पहुंचे और नालों की नियमित सफाई की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो सके।

ख्याला गांव में चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज राजौरी गार्डन के ख्याला गांव में अंबेडकर चौपाल और हरिजन चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री मनजिंदर सिंह ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इन चौपालों के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सामुदायिक सुविधाएँ मिलेंगी और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि ख्याला गांव में नई



पानी की लाइन्स, सीवर लाइन और सड़कों के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से पीने के पानी और बड़ी सीवरेज लाइनों का काम चल रहा है, जिसका निरीक्षण आज मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया।

दिल्ली में दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, अवैध हथियार सहित 10 चोरी की बाइकें बरामद

जितेन्द्र राणा

नई दिल्ली। कालकाजी थाना पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो वाहन चोरों- केशव उर्फ भानू और जीतू कुमार को गिरफ्तार किया है। तलाशी में जीतू के पास से एक पिस्टल व कारतूस मिले। आरोपितों की निशानदेही पर टीम ने 10 बाइक भी बरामद की। दोनों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने वाहन चोरी के 10 मामलों को भी सुलझाने का दावा किया है। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी के मुताबिक गोविंदपुरी एक्सटेंशन निवासी शिकायतकर्ता मनजीत सिंह मोहाल ने रॉयल एनफील्ड बाइक की चोरी के संबंध में कालकाजी थाने में 11 जनवरी को ऑनलाइन एफआइआर दर्ज कराई थी। अपराध की गंभीरता को देखते हुए, एसएचओ थाना कालकाजी के करीबी पर्यवेक्षण और एसीपी/कालकाजी के समग्र मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक समर्पित टीम का



गठन किया गया, जिसमें एसआई जयविंद, एएसआई कृष्ण, एएसआई राहुल चौधरी, हवलदार कुलदीप, सिपाही सुधीर, सिपाही गौरव और सिपाही मनोज शामिल थे। टीम ने गहन तकनीकी और जमीनी जांच शुरू की।

350 किमी के दायरे में लगे सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की: आरोपियों और उनके वाहन की आवाजाही का पता लगाने के लिए लगभग 350 किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। निगरानी के दौरान एक हुंडई एक्सेंट कार, जिसका पंजीकरण नंबर लफ-55अए-5628 है, की पहचान अपराध को अंजाम देने के दौरान सहायक वाहन के रूप में उपयोग किए जाने के रूप में हुई। जुटाई गई खुफिया जानकारी के आधार पर, पहले आरोपी अमित सिंह, जो उक्त हुंडई एक्सेंट का मालिक और चालक था, की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, उसका साथी और सह-आरोपी केशव उर्फ भानू दिल्ली से भागने में सफल रहा । अथक प्रयासों और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ करीबी समन्वय के कारण अंततः उसे इटावा, यूपी से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान, आरोपी केशव उर्फ भानू से की गई कड़ी और पेशेवर पूछताछ के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कामयाबी मिली और वर्तमान मामले की बुलेट मोटरसाइकिल सहित चोरी के 05 दुपहिया वाहन उसकी निशानदेही पर बरामद किए गए।

डकैती के पैसे से खरीदी ज्वेलरी और प्लॉट, मास्टरमाइंड समेत 6 दबोचे, 4 नाबालिग शामिल

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 40 लाख रुपये की डकैती मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड समेत छह आरोपितों को पकड़ने के साथ अपराध की कमाई से खरीदी गई ज्वेलरी और राजस्थान में खरीदे गए प्लॉट पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक 11.92 लाख रुपये नकद भी बरामद किए हैं। मामले में चार नाबालिग भी शामिल पाए गए हैं। उत्तर-पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि मामला केशवपुरम थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 436/2025 से जुड़ा है। 17 जुलाई 2025 को कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास कारोबारी मनोज तवानिया से करीब 39.99 लाख रुपये की लूट हुई थी। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश देशी कट्टा और चाकू से लैस थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर कई टीमें बनाई गईं। तकनीकी निगरानी, लोकल इंटेलिजेंस और लगातार छापेमारी के जरिए जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान पहले चार बाल नाबालिग को पकड़ा गया। बाद में दिल्ली के मुकुंदपुर पार्ट-2 निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि उसने वारदात में इस्तेमाल देशी कट्टा उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपित और नाबालिग के कब्जे से कुल 11.92 लाख रुपये नकद बरामद किए। जांच के दौरान तकनीकी सर्विलांस और राजस्थान, छत्तीसगढ़ तथा दिल्ली में कई जगहों पर छापेमारी के बाद मामले के मास्टरमाइंड धीरज रंधावा उर्फ धर्मप्रीत उर्फ दलाल (27) को राजस्थान के श्रीगंगानगर से गिरफ्तार किया गया। धीरज ने पहले एक नाबालिग को अपने साथ जोड़ा और बाद में अन्य नाबालिगों को पैसों का लालच देकर वारदात में शामिल किया।

सार संक्षेप

नहाने के लिए तालाब में कूदा युवक, डूबने से मौत, शव की तलाश जारी

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना ईकोटेक -3 क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में बीती रात को तालाब में नहाने के लिए कूदे युवक की पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस देर रात से आज सुबह तक उसके शव की तलाश कर रही है। आज सुबह से गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम इस काम में जुटी है। थाना इकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना जनपद पलवल हरियाणा का रहने वाला 32 वर्षीय कैलाश सादुल्लापुर गांव में रहता था। युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। वह मंगलवार की रात को गांव के तालाब के किनारे पहुंचा और अपने कपड़े उतारकर पानी में कूद गया। सूचना पर पुलिस, फायर, गोताखोर एवं एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम तालाब में युवक के शव की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक की बुआ सादुल्लापुर गांव में रहती है। वह उनके यहां आया था। मृतक का एक भाई विकलांग बताया जा रहा है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा अंतर्गत थाना दादरी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक विवाहिता की बूटी रात मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस के साथ अपर पुलिस उपायुक्त ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बुधवार को बताया कि नीलम (26) पत्नी प्रशांत डाबरा गांव में रहती थी। वह मूल रूप से जनपद शिवपुरी मध्य प्रदेश की रहने वाली थी। उनकी मंगलवार की रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की कुछ वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तथा अपर पुलिस उपायुक्त के मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

नोएडा: विभिन्न सड़क हादसों में तीन की मौत

नोएडा। नोएडा में अलग-अलग जगहों पर हुए विभिन्न सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बुधवार को बताया कि हरिशंकर ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह सफाबाद गांव नोएडा में रहते हैं। उनका बेटा होरीलाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी खेड़ी गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्रोला के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक मे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर थाना विनोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में पवित्र सिंह (33) की बीती रात को मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पवित्र सिंह मृतक मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि छपरौला थाना क्षेत्र में रहने वाले कासिम की पत्नी ताराबानो बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मेंले की जांच में जुट गई।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नोएडा। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बी- ब्लॉक में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाली 23 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वह फैक्ट्री के अंदर थी, तभी उसके गले में खाने की कोई चीज फंस गई।उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। थाना प्रभारी अमित काकरान ने बुधवार को बताया कि सलमान की पत्नी लायबा (23) सेक्टर 63 के बी- ब्लॉक में स्थित एक कंपनी में काम करती थी। वह मंगलवार की शाम 5 बजे के करीब

17 वर्षीय किशोरी ने मानसिक तनाव के चलते की आत्महत्या, चार लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नोएडा। नोएडा में थाना फेस- वन क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी ने मानसिक तनाव के चलते बीती रात को पंखे से फंदा लगा लिया। उसे गंभीर हालत में उसके भाई ने उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि निक्की उम्र 17 वर्ष हरौला गांव में रहती थी। उन्होंने बताया कि बीती रात को अज्ञात कारण से निक्की ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसे गंभीर हालत में उसके भाई ने फंदे से उतार कर उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस



मामले की जांच कर रही है। किशोरी के माता-पिता बिहार के रहने वाले हैं, तथा दोनों मौजूदा समय में गांव गए थे। वह अपने दो भाइयों के साथ घर पर अकेली थी। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है। इसी प्रकार थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक 48 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मूर्ति मूर्छित अवस्था में निठारी गांव के पास मिले। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सतीश कुमार उम्र 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उनके परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था।

मोदीनगर में सीकरी रोड पर जगह-जगह मिले मांस के टुकड़े, हिंदू संगठनों ने किया हंगामा

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब सीकरी रोड पर जगह-जगह मांस के टुकड़े मिलने की सूचना फैली। यह खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरी तरफ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले में हंगामा शुरू कर दिया है।



सीकरी माता मंदिर जाने वाले रास्ते पर फैले मांस के टुकड़े

हिंदू संगठनों का आरोप है कि ईद से पहले असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। जिस रास्ते पर मांस के टुकड़े मिलने की बात की जा रही है उसी रास्ते से होकर श्रद्धालु सीकरी माता मंदिर जाते हैं। सामाजिक सद्भाव को गंभीरता से लेते हुए पुलिस इस मामले में पूरी सतर्कतात बरतते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस मामले में हिंदू रक्षा दल की तरफ से थाने में शिकायत दी गई है।

सड़क हादसे में पिता- पुत्र की मौत

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना रबूपुरा क्षेत्र के चचूरा-दनकौर मार्ग पर बीती रात को एक बाइक सड़क पर खड़े डंपर से टकरा गई। डंपर से टकराने के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार, उसके पिता और मां सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया। जिससे पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी ओमप्रकाश (50) अपनी पत्नी देवेंद्री (48) और पुत्र अनिल (21) के साथ मंगलवार को किसी काम से बुलंदशहर गए थे। तीनों बाइक पर सवार होकर दनकौर से अलीगढ़-टप्पल की ओर लौट रहे थे। बुलंदशहर बॉर्डर के नजदीक चचूरा-दनकौर मार्ग पर गाड़ी मोड़ने के दौरान बीच सड़क पर खड़े डंपर



से उनकी बाइक टकरा गई। बाइक टकराने के कारण पूरा परिवार सड़क पर गिर गया। इससे पहले कि वह संभल पाते, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने तीनों को रौंद दिया, जिसमें तीनों को गंभीर चोटें आई। पिता और पुत्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर रबूपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को बुलंदशहर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिता-पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रेटर नोएडा के कांशीराम अस्पताल रेफर किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने बीच सड़क पर खड़े डंपर को कब्जे में ले लिया और उसे थाने ले आई।

विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

नोएडा। थाना सेक्टर- 63 क्षेत्र के 25 फुटा रोड छिजारसी कॉलोनी में रहने वाली विवाहित पूजा पाल की हुई संदिग्ध मौत के मामले में उसके परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ बुधवार को दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त जोन (द्वितीय) शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 63 के 25 फुटा रोड छीजारसी कॉलोनी में रहने वाली पूजा पाल ने 24 मई की रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इस मामले में उसके पति अभिषेक पाल ने थाने में सूचना दी थी। शादी को अभी 6 माह हुए हैं। मृतका के परिजन बीती रात को नोएडा पहुंचे और आज सुबह इस मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है की पूजा पाल के पति अभिषेक, ससुर छत्रपाल, सास कमलेश और ननद करिश्मा ने दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या की है। उनका आरोप है की शादी के समय से ये लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे थे। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

नोएडा में आवागमन होगा सुगम, जून माह से चलेंगी 100 इलेक्ट्रिक बसें

नोएडा। नोएडा के निवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने जून महीने से शहर में ई-बसें चलाने की तैयारी की है। ऐसा दावा है कि करीब दो सप्ताह में ट्रायल के तौर पर बसें चलनी शुरू हो जाएंगी। इन बसों का न्यूनतम किराया 10 रुपये और अधिकतम 30 रुपये होगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पहले 100 ई-बसें चलाने की तैयारी है। 15 जून से जेवर एयरपोर्ट से फ्लाइटों के उड़ाने भरने के साथ ही अधिकांश ई-बसों को चलाना शुरू कर दिया जाएगा। इनमें 10 डबल डेकर बसें होंगी, जबकि बाकी 90 बसें नौ और 12 मीटर की होंगी।



डबल डेकर बसें बॉटेनिकल गार्डन से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होते हुए परी चौक तक चलेंगी। इन बसों का रूट दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक होगा। इन बसों के लिए मासिक पास कितने रुपये का होगा, इस पर अभी अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श चल रहा है।अधिकारियों ने बताया कि इन बसों में टिकट बुक करने के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। यात्री बस में चढ़कर भी कंडक्टर से टिकट ले सकेंगे। इन बसों के रूट फाइनल कर लिए गए हैं। सभी रूटों पर 15-15 मिनट के अंतराल पर बसें मिलेंगी। वहीं, 5 बसों को स्टैंडबाय पर रखा जाएगा। इस बारे में नोएडा विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह का कहना है कि इसी सप्ताह यूपी रोडवेज निगम से एमओयू की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद जून के पहले सप्ताह से कुछ रूटों पर ट्रायल के तौर पर बसें चलाई जाएंगी। 15 जून से कुछ रूट पर बसें सुचारू रूप से चलानी शुरू कर दी जाएंगी।अधिकारियों का कहना है कि जिन रूट पर ये ई-बसें चलाई जाएंगी, वहां से ई-रिक्शा को हटाया जाएगा। इससे लोग बसों में ही सफर करेंगे। सेक्टर-90 बस डिपो में 20 चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, जिसमें 50 बसों को चार्ज करने की व्यवस्था होगी।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने बुधवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में लूटपाट, चोरी, गैंगस्टर सहित 17 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी है। पुलिस उपायुक्त जोन (तृतीय) डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि थाना जारचा पुलिस आज सुबह चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर कुछ बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो बदमाश रुकने की बजाए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाकर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें गोली ग्राम कलौदा निवासी शहजाद के पैर में लगी है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने देशी तमंचा, कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद किया है।

संपादक की कालम से


सूरज के तीखे होते तेवर और अल-नीनो

देश के ज्यादातर भूभाग पर पारा 45 से 48 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र समेत समूचा मध्य व उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। 25 मई को सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश नौतपा शुरू हो जाएंगे, तब अनुमान है कि पहले ही तप रही धरती आसमान से बरसाने वाली इस आग से और अधिक गर्म हो जाएगी। हालांकि भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार धरती का अधिक तपना अच्छी बारिश का संकेत है। मौसम विभाग भी नौतपा में भीषण गर्मी बता रहा है। सनातन पंचांग में उल्लेख मिलता है कि इन नौ दिनों में एक ऐसा समय भी आता है जब सूर्य अपनी सबसे तीव्र ऊर्जा के साथ पृथ्वी पर प्रभाव डालता है। फलतः गर्मी चरम पर पहुंच जाती है।

इस परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिकों की मानें तो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में एक ताकतवर महा-अल नीनो आकार ले रहा है। यह 1877 के बाद सबसे विध्वंसकारी मौसमी आपदा साबित हो सकता है। इसका सीधा असर भारत में देखने को मिल सकता है। क्योंकि अल-नीनो भारत की जीवन रेखा कहे जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को भी प्रभावित कर सकता है। मौसम की जानकारी देने वाली निजी एजेंसी स्काई मेट के अनुसार इसका मुख्य कारण केवल सामान्य मौसमी बदलाव न होकर ऊष्मा का बन जाने वाला छतरीनुमा गोला है, जो आधे भारत के राज्यों में मंडरा रहा है। इस समय दिल्ली, उप्र, राजस्थान, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलांगाना में गर्मी एकाएक बढ़ गई है। इस प्राकृतिक स्थिति को ऊष्मा का क्षत्रप (हीट डोम) या गुंबद कहा जा रहा है। यह क्षत्रप तब बनता है, जब वायुमंडल में उच्च दबाव की एक प्रणाली लंबे समय तक किसी एक क्षेत्र में ठहर जाती है। इस समय बर्तन के एक ढक्कन की तरह गर्म हवा ऊष्मा को नीचे धरती की तरफ दवाए रखती है, जो तेज गर्मी का कारण बन जाती है। नतीजतन ऐसे क्षेत्रों में तापमान खतरनाक ढंग से बढ़ जाता है और कई दिनों या हफ्तों तक भीषण गर्मी या लू बनी रहती है। गर्मी की इस प्रचंड स्थिति को ग्लोबल वार्मिंग का कारण बताया जा रहा है। इस बार गर्मी का मिजाज इसलिए भी अलग है क्योंकि कई तटीय इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में नमी वाली गर्मी यानी उमस का असर भी देखने में आ रहा है। इससे लू लगने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। आधे भारत में बढ़ा तापमान लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिनों तक यही स्थिति बनी रहे तो इसे ह्यलूह्य यानी गर्मी का गोला कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ों के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है। धूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है।

महंगाई, ऊर्जा सुरक्षा और नीति निर्माण की चुनौती

डॉ. प्रियंका सौरभ



पिछले कुछ समय से देश के शहरों और गांवों में एक चिंता लगातार सुनाई दे रही है- पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें। यह चिंता केवल वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव हर उस नागरिक पर पड़ता है जो रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करता है। जब पेट्रोल महंगा होता है तो उसका असर केवल पेट्रोल पंप तक नहीं रहता; वह परिवहन, खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि लागत और घरेलू बजट तक पहुंच जाता है। इसलिए पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक और नीतिगत प्रश्न भी है, जो सरकार, बाजार और नागरिक- तीनों से जुड़ा हुआ है।

भारत जैसे विकासशील देश में ऊर्जा केवल आर्थिक गतिविधियों का आधार नहीं है बल्कि सामाजिक गतिशीलता और विकास की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। देश का विशाल परिवहन तंत्र, कृषि क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर हैं। ऐसे में जब पेट्रोल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में दिखाई देता है। यही कारण है कि पेट्रोल के बढ़ते भाव हमेशा जनचर्चा और राजनीतिक बहस का विषय बन जाते हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को समझने के लिए सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से खरीदता है। इसका अर्थ यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। यदि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है तो भारत को अधिक भुगतान करना पड़ता है, और उसका असर अंततः खुदरा कीमतों में दिखाई देता है।

वैश्विक तेल बाजार केवल आर्थिक कारकों से प्रभावित नहीं होता। इसके पीछे भू-राजनीतिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में तनाव, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, प्रमुख तेल उत्पादक देशों की उत्पादन नीतियां, रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे कारक तेल की कीमतों को प्रभावित करते हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष या आपूर्ति संकट का असर कुछ ही दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर दिखाई देने लगता है। भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि घरेलू बाजार को इन परिस्थितियों से पूरी तरह अलग नहीं रखा जा सकता। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार एक महत्वपूर्ण कारण है लेकिन पेट्रोल की कीमतों का पूरा सच केवल वहीं तक सीमित नहीं है। भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में करों की भी बड़ी भूमिका होती है। पेट्रोल की अंतिम कीमत में कच्चे तेल की लागत के अलावा केंद्र सरकार का उत्पाद शुल्क, राज्य सरकारों का मूल्य वर्धित कर (वैट), परिवहन लागत और डीलर कमीशन भी शामिल होता है। यही कारण है कि अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल की कीमतें अलग-अलग होती हैं। तेल पर लगने वाले कर सरकारों के लिए राजस्व का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इन करों से प्राप्त आय का उपयोग सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के वित्त पोषण में किया जाता है। लेकिन यही कर आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डालते हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है और कर संरचना में कोई राहत नहीं मिलती, तब उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। यही स्थिति अक्सर राजनीतिक बहस का कारण बनती है। पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव परिवहन क्षेत्र पर दिखाई देता है। टैक्सी चालक, ऑटो चालक, ट्रक मालिक, बस संचालक और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लाखों लोग बढ़ती लागत का सामना करते हैं। उनके सामने सामान्यतः दो विकल्प होते हैं- या तो बढ़ी हुई लागत को स्वयं वहन करें अथवा किराए और सेवा शुल्क बढ़ाकर उसका भार उपभोक्ताओं पर डाल दें। अधिकांश मामलों में दूसरा विकल्प अपनाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं। यहीं से महंगाई का व्यापक प्रभाव शुरू होता है। जब माल ढुलाई महंगी होती है तो सब्जियां, फल, दूध, अनाज, दवाइयां, निर्माण सामग्री और अन्य उपभोक्ता वस्तुएं भी महंगी होती हैं। इस प्रक्रिया को अर्थशास्त्र में लागत-प्रेरित महंगाई कहा जाता है। इसका असर विशेष रूप से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ग्रामीण भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों का प्रभाव और भी गहरा होता है। खेती-किसानी आज भी बड़ी मात्रा में डीजल आधारित मशीनों और उपकरणों पर निर्भर है। ट्रैक्टर, सिंचाई पंप, कटाई मशीनें और कृषि उत्पादों का परिवहन- सभी में ईंधन की आवश्यकता होती है। जब डीजल महंगा होता है तो कृषि लागत बढ़ जाती है।

बेतहाशा बढ़ती गर्मी: भविष्य की गंभीर चेतावनी

योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से ह्यअर्बन हीट आइलैंडह्ल का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं, एक गहराते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है। मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है।

यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे अर्बन हीट आइलैंड का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते डिस्कंफर्ट इंडेक्स के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए। यह जानना जरूरी है कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे हीट वेव कहा जाता है। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है।

जाने आपकी राशि में आज क्या है

राशिफल : 28 मई, 2026

मेष- बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन- यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह- परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या- अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला- मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक- दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु- घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर- प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ- कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन- आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

सूडोकु नवताल- 7808

कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -7807 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

दैनिक पंचांग

28 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति
सूर्य	वृष में
चंद्र	तुला में
मंगल	मेष में
बुध	वृष में
गुरु	मिथुन में
शुक्र	मिथुन में
शनि	मीन में
राहु	कुंभ में
केतु	सिंह में

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

लग्नारंभ समय	
मिथुन	06.30 बजे से
कर्क	08.43 बजे से
सिंह	11.00 बजे से
कन्या	13.11 बजे से
तुला	15.22 बजे से
वृश्चिक	17.37 ब.से
धनु	19.53 बजे से
मकर	21.58 बजे से
कुंभ	23.44 बजे से
मीन	01.17 बजे से
मेष	02.48 बजे से
वृष	04.28 बजे से

गुरुवार 2026 वर्ष का 148 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
तिथि द्वादशी 07.58 बजे को समाप्त।
नक्षत्र चित्रा 08.09 बजे को समाप्त।
योग वरीयान 03.55 बजे रात्र को समाप्त।
करण बालव 07.58 बजे तदनन्तर कौलव 20.52 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 11.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 26'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872723
जूलियन दिन 2461188.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज **तारीख** 11
विशेष प्रदोष व्रत।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से 07.22 बजे तक		अमृत	05.40 से 07.11 बजे तक	
रोग	07.22 से 08.51 बजे तक		चर	07.11 से 08.43 बजे तक	
उद्वेग	08.51 से 10.19 बजे तक		रोग	08.43 से 10.15 बजे तक	
चर	10.19 से 11.47 बजे तक		काल	10.15 से 11.47 बजे तक	
लाभ	11.47 से 01.15 बजे तक		लाभ	11.47 से 01.19 बजे तक	
अमृत	01.15 से 02.43 बजे तक		उद्वेग	01.19 से 02.51 बजे तक	
काल	02.43 से 04.11 बजे तक		शुभ	02.51 से 04.23 बजे तक	
शुभ	04.11 से 05.40 बजे तक		अमृत	04.23 से 05.55 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8874

1		2	3	■	4	5		6
	■	7		8			■	
9	10	■	■		■	■	11	
12		■	13		14	■	15	
■	16			■	17			■
18		■	19	20		■	21	22
23		■	■		■	■	24	
	■	25	26		27	28	■	
29				■	30			

बाएँ से दाएँ

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य (अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

ऊपर से नीचे

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

शब्द पहेली -8873 का हल

■	क	थ	न	■	सी	धा	प	न
झ	■	■	ज	रु	र	■	■	म
ल	■	जा	र	■	त	र	■	की
क	म	र	बं	द	■	म	हा	न
■	ग	■	द	■	प	■	जि	■
म	न	का	■	प	रि	चा	र	क
द	■	का	र	■	चा	ल	■	ह
म	■	■	ह	म	ल	■	■	वा
स्त	र	ही	न	■	क	हा	नी	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

सत्यम् लाइव दैनिक हिंदी समाचार पत्र, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक योगेश कुमार द्वारा 4649/89/1, गली न.- 3, न्यू मॉडर्न शाहदरा, दिल्ली-110032 से प्रकाशित तथा लक्ष्य प्रिंटर्स, 521/8B, ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर-14, आदर्श मोहल्ला, मौजपुर दिल्ली-110053 से मुद्रित। संपादक : योगेश कुमार, सम्पर्क : 011-45720220, 7503000220, RNI No.: DELHIN/2023/90094

(समाचार पत्र में संपादकीय के अतिरिक्त संपादक का किसी भी सामग्री से सहमत होना अनिवार्य नहीं है समाचार पत्र संबंधी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगा)

कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों के शोषण पर हाई कोर्ट सख्त, कहा- नाम बदलकर नौकरी से नहीं निकाल सकते संस्थान

शिक्षण संस्थानों में 'यूज एंड थ्रो' नीति गलतः हाई कोर्ट, पद का नाम बदलकर कर्मचारी हटाना अस्वीकार्य है।



चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शिक्षण संस्थानों में कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के साथ हो रहे व्यवहार पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि सार्वजनिक संस्थान कर्मचारियों को यूज एंड थ्रो की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकते। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी संस्थान में काम की आवश्यकता लगातार बनी हुई है तो केवल पद का नाम बदलकर एक संविदा कर्मचारी को हटाकर दूसरे को नियुक्त नहीं किया जा सकता। जस्टिस संदीप मौदगिल ने यह महत्वपूर्ण फैसला रिम्पी नामक महिला याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया। याचिकाकर्ता वर्ष 2021 से केंद्रीय सरकार के तहत डेवलपमेंट स्टडीज विभाग में गेस्ट फैकल्टी के तौर पर कार्यरत थीं। उनका चयन बाकायदा चयन समिति के माध्यम से हुआ था। वह 4 दिसंबर 2021 से लगातार संस्थान में पढ़ा रही थीं, वह 48 प्रतिशत दिव्यांग श्रेणी से भी संबंधित हैं।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि संस्थान ने वर्ष 2023 में असिस्टेंट प्रोफेसर आन कान्ट्रैक्ट के पदों के लिए दोबारा विज्ञापन जारी किया था और उन्होंने उसमें भी आवेदन किया था। लेकिन चयन प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही संस्थान ने किसी अन्य संविदा कर्मचारी को नियुक्त कर दिया और 9 मार्च 2024 को उन्हें सेवा से मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया।

संविदा कर्मचारियों से लिया गया पूरा काम

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी दलील दी गई कि उनसे नियमित शिक्षकों की तरह पूरा शैक्षणिक कार्य लिया जा रहा था, लेकिन उन्हें केवल 52 हजार रुपये प्रतिमाह फिक्स वेतन दिया जा रहा था। यह भी कहा गया कि संस्थान संविदा कर्मचारियों के साथ शोषण पूर्ण व्यवहार कर रहा है। वहीं, संस्थान की ओर से कोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता केवल 11 महीने के अनुबंध पर नियुक्त थीं और उन्हें नियमित नियुक्ति या सेवा जारी रखने का कोई अधिकार नहीं है। संस्थान ने यह भी दावा किया कि नई चयन प्रक्रिया में उनका चयन नहीं हुआ तथा नई नियुक्ति एक अलग पद असिस्टेंट प्रोफेसर आन कान्ट्रैक्ट पर की गई है।

हाईकोर्ट ने संस्थान की दलीलों को किया खारिज

हाई कोर्ट ने संस्थान की इन दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि न्यायालय केवल पद के नाम को नहीं बल्कि कार्य की वास्तविक प्रकृति को देखता है। रिकार्ड से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता पहले भी वही शिक्षण कार्य कर रही थीं और बाद में नियुक्त व्यक्ति भी उसी शैक्षणिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए लगाया गया। ऐसे में यह साफ तौर पर एक संविदा कर्मचारी को हटाकर दूसरे संविदा कर्मचारी को नियुक्त करने का मामला है। कोर्ट ने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में लगातार अल्पकालिक संविदा नियुक्ति न केवल कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित बनाती हैं, बल्कि इससे शिक्षा का वातावरण भी प्रभावित होता है। जब छात्रों को पढ़ाने का कार्य लगातार जारी है तो संस्थान शिक्षकों को अस्थिरता में नहीं रख सकता। अंत में हाई कोर्ट ने 9 मार्च 2024 का राहत आदेश रद्द करते हुए याचिकाकर्ता को तत्काल बहाल करने, सेवा निरंतरता देने और सभी परिणामी लाभ जारी करने के आदेश दिए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि बकाया वेतन चार सप्ताह के भीतर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा किया जाए।

10 रुपये के लिए हत्याः सब्जी विक्रेता के सिर पर मारी ईंटें, फल के बकाया पैसे मांगने पर युवकों ने किया हमला

संजय सैनी सब्जी और फल की दुकान चलाते थे। 26 मई की रात दो युवक दुकान पर आए और 210 रुपये के फल-सब्जी खरीदे। 200 रुपये देकर जाने लगे। बाकी 10 रुपये मांगने पर गुस्साए युवकों ने संजय के सिर में डंडा और ईंट मारी।



करनाल (हरियाणा) : करनाल के बुढ़ाखेड़ा चौक के पास रात को दो अज्ञात आरोपियों ने सब्जी विक्रेता संजय सैनी (44) के सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी। विवाद सब्जी के 10 रुपये मांगने पर हुआ। बीच बचाव करने आई बेटी को भी आरोपियों ने पीटा। जिससे उसकी बाजू पर चोट आई है। आरोपी मौके से भाग गए। सेक्टर 32 थाना पुलिस ने बेटी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बूढ़ाखेड़ा गांव निवासी शिवानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता संजय सैनी (44) मुख्य सड़क पर नाले के पास सब्जी और फल की दुकान चलाते थे। 26 मई की रात करीब 9:30 बजे वह अपनी तीन बहनों और मां के साथ दुकान पर मौजूद थी। इसी दौरान दो युवक दुकान पर आए और करीब 210 रुपये के फल-सब्जी खरीदने के बाद 200 रुपये देकर जाने लगे। शिवानी ने कहा कि जब उसने बाकी 10 रुपये मांगे तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। शोर सुनकर उसके पिता संजय सैनी वहां पहुंचे और युवकों से बहस न करने को कहा। इसी बात पर दोनों युवकों ने पिता संजय को धक्का दे दिया। दोनों ने पिता के सिर में डंडा और ईंट मारी।

छोटी बेटी डंडा लेकर आई तो आरोपियों ने छीनकर उन्हें ही मारा

शिवानी ने बताया कि उसकी छोटी बहन सलोनी पिता को बचाने के लिए डंडा लेकर आई। आरोपियों ने उससे डंडा छीन लिया और उसकी बाजू पर हमला कर दिया। उनकी माता अनु बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई की। इसी दौरान दोनों युवकों ने पिता के सिर पर डंडे और ईंट से कई वार किए।

गंभीर घायल होने पर भागे आरोपी

संजय के घायल होने के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग गए। परिजन घायल को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। गंभीर हालत को देखते हुए उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुढ़ाखेड़ा के पास दो अज्ञात युवकों ने सब्जी विक्रेता संजय सैनी की हत्या की है। उनकी बेटी की शिकायत पर दो आरोपियां के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं।

देर रात जिम से लौट रहे किशोर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गले में मारी गोली; हालत गंभीर



जालंधर (पंजाब): जालंधर के सुच्ची पिंड इलाके में देर रात जिम से घर लौट रहे 18 वर्षीय किशोर पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घायल युवक की पहचान अनमोल के रूप में हुई है। अनमोल गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी लदेवाली रोड स्थित जिम से वर्कआउट कर अपनी स्विफ्ट कार में घर लौट रहा था। जैसे ही वह सुच्ची पिंड के पास पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उसकी कार के आगे आकर रुक गए और अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं। फायरिंग के दौरान एक गोली अनमोल के गले के पास जा लगी, जबकि दूसरी गोली उसकी कार में धंस गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही अनमोल सड़क पर गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया। करीब दो मिनट बाद उसके दोस्त मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत बेहद गंभीर बताई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली राउंड बरामद किए हैं तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पूर्व प्रेमी से एक मुलाकात व्यभिचार नहीं, पुराने रिश्ते को शादी के बाद का अवैध संबंध नहीं

चंडीगढ़ : पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसले में यह स्पष्ट किया है कि किसी महिला का पूर्व प्रेमी से एक बार मिलना मात्र व्यभिचार (अवैध संबंध) साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अदालत ने कहा कि शादी से पहले किसी व्यक्ति के साथ संबंध होने भर से यह नहीं माना जा सकता कि विवाह के बाद भी वही संबंध व्यभिचार की श्रेणी में आता है। अदालत ने कहा कि पत्नी का 11 जनवरी 2023 को उस व्यक्ति से अकेले मिलना, जिसके साथ उसका विवाह से पहले कथित संबंध था, केवल एक घटना है और इसे व्यभिचार में रहना नहीं कहा जा सकता।

पीठ ने कहा कि शादी से पहले का संबंध अपने आप में पति के प्रति व्यभिचार का अपराध नहीं बन जाता। मामले में पति भारतीय नौसेना में कार्यरत है और दंपत्ति का विवाद 16 नवंबर 2021 को हुआ था। पति ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी शादी के बाद भी दूसरे व्यक्ति के संपर्क में थी। पत्नी झगड़ालू स्वभाव की थी, देर रात घर लौटती थी, उसके साथ एक ही बिस्तर पर सोने से इनकार करती थी और लंबे समय तक मोबाइल पर अजनबियों से बातचीत करती रहती थी। पत्नी शादी से पहले से ही एक अन्य व्यक्ति के साथ संबंध में थी। पति ने कहा कि 11 जनवरी 2023 को उसने पत्नी को उसी व्यक्ति के घर पर पाया और उसके पिता व भाई को मौके पर बुलाया था।

पत्नी कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में मिली, जिसके बाद उसे मायके भेज दिया गया। पत्नी ने सभी आरोपों से इनकार किया और पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए। साथ ही यह भी कहा कि ससुर की उस पर गलत नजर थी। फैमिली कोर्ट ने कहा था कि यदि ससुर की नीयत खराब थी तो पत्नी उसके साथ लगातार आना-जाना क्यों करती।

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों के बाद जगी उम्मीद, हरियाणा की 17 हजार आशा वर्करों की नौकरी होगी पक्की

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए हरियाणा की हजारों आशा वर्करों ने अपनी नौकरी पक्की करने का दबाव बढ़ा दिया है। राज्य में 21 साल से आशा वर्कर कार्यरत हैं। इस समय करीब 20 हजार आशा वर्कर सेवाएं दे रही हैं, जिनमें से करीब 17 हजार की सेवाएं 10 साल से अधिक अवधि की हो चुकी हैं। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की प्रधान सुनीता, उप प्रधान रानी, सह सचिव सुदेश व अनीता और राज्य कमेटी की सदस्य वंदना ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात कर अनुबंध आधार पर बरसों से काम कर रही आशा वर्करों को पक्का करने और तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। हरियाणा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्षों से संविदा आधार पर कार्यरत हजारों कर्मचारियों को दो दिन पहले ही हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है।



17 हजार आशा वर्कर नियमितीकरण की उम्मीद में।

सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया।

स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात, प्रदर्शन स्थगित हुआ।


जस्टिस संदीप मौदगिल की बेंच ने 104 याचिकाओं पर एक साथ फैसला सुनाते हुए कहा था कि राज्य सरकार संविदा व्यवस्था की आड़ में कर्मचारियों का अनिश्चितकाल तक शोषण नहीं कर सकती। लंबे समय से लगातार सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का कार्य अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी प्रकृति का होता है। इसलिए उन्हें प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से नियमित किया जाना चाहिए और सभी सेवा लाभ दिए जाएं। एनएचएम केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 60:40 के अनुपात में केंद्र और राज्य वित्तीय भार वहन करते हैं। हरियाणा सरकार ने हालांकि कोर्ट में दलील दी थी कि नियमित पद स्वीकृत नहीं हैं और अदालत नियमितीकरण का आदेश देकर नए पद सृजित नहीं कर सकती, मगर हाई कोर्ट ने इन दलीलों को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। अदालत ने कहा कि वर्षों तक लगातार सेवा लेना यह साबित करता है कि कार्य स्थायी प्रकृति का है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यदि नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया से हुई हो, कर्मचारी योग्य हों और वर्षों तक बिना किसी अदालत के संरक्षण के सेवा दे रहे हों, तो राज्य उन्हें अनिश्चितकाल तक अस्थायी नहीं रख सकता। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आशा वर्करों की इस मांग के प्रति सहमति जताई और मिशन महानिदेशक आरएस ढिल्लो को विभागीय कार्यवाही शुरू करने की संभावनाएं तलाशने को कहा।

करनाल में टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी, बीटेक के छात्र पर टूट पड़े 10 टोल कर्मी, ईंट-डंडों से पीट-पीटकर घायल किया

करनाल। करनाल-असंध टोल प्लाजा पर बीटेक के निहत्थे छात्र को हथियारों से लैस टोल टैक्स कर्मचारियों ने 26 मई 2026 की रात करीब 9:00 बजे बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसकी जान बचाई। गंभीर हालत में उपलना गांव निवासी योगराज को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे देर रात पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं डायल 1012 की टीम मौके पर पहुंची और टोल पर बचाव में आई भीड़ ने दो टोल कर्मियों को उनके हवाले कर दिया अन्य मौके से फरार हो गए। टोल टैक्स पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

क्या है आरोप?

आरोप है कि टोल प्लाजा पर तैनात लगभग 10 कर्मचारियों ने छात्र को घेरकर ईंटों, सरियों, थप्पड़ों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। घटना के समय वाहन गांव कत्लाहेड़ी निवासी अशोक चला रहे थे। उक्त वाहन टोल टैक्स एक्सेम्प्टेड श्रेणी में आता था, बिना वर्दी और नेम प्लेट के खड़े युवकों ने मात्र दस सेकेंड में ही क्रॉसिंग को लेकर विवाद शुरू कर दिया और मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामूली कहासुनी के बाद टोल कर्मी अचानक आक्रामक हो गए और छात्र पर हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमला करने



वाले कई कर्मचारी बिना वर्दी और बिना नेम प्लेट के ड्यूटी कर रहे थे, जिससे उनकी पहचान तक स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। लोगों का कहना है कि यदि टोल प्लाजा पर नियमों के अनुसार वर्दी और पहचान पत्र अनिवार्य होते हुए भी कर्मचारियों ने इन्हें नहीं पहना था, तो यह सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी दोनों पर सवाल खड़े करता है। हमले के दौरान छात्र को जमीन पर गिराकर लगातार पीटा गया। टोल कर्मचारियों ने ईंटों और लोहे जैसी वस्तुओं का भी इस्तेमाल किया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायल छात्र को छुड़वाया। गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवक के शरीर पर कई जगह गहरी चोटें आई हैं।

स्थानीय लोगों में रोष

घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि टोल प्लाजा पर आए दिन कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और दबंगई की शिकायतें सामने आती रहती हैं, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोल कर्मी नियम लागू करने के बजाय गुंडागर्दी पर उतर आए हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पीड़ित परिवार ने मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई है। लोगों ने यह भी मांग की है कि टोल प्लाजा पर तैनात सभी कर्मचारियों की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा बिना वर्दी और बिना नेम प्लेट ड्यूटी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हो। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। गौरतलब है कि प्योंत, कत्लाहेड़ी, गुल्लरपुर समेत कई गांव स्थानीय टोल फ्री श्रेणी में आते हैं।

सार संक्षेप

हरियाणा में पारा 47 डिग्री तक पहुंचने के आसार, विभाग ने 29 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया



हिसार (हरियाणा) : नौतपा के दूसरे दिन प्रदेश में गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद तापमान में उछाल दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी सिरसा और रोहतक में दर्ज की गई। मंगलवार को सिरसा का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि रोहतक में 45 .6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। हिसार और भिवानी में 44.5 तथा महेंद्रगढ़ में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग ने 29 मई तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिसार, सिरसा, रोहतक, महेंद्रगढ़, भिवानी, गुरुग्राम और फरीदाबाद में लू चलने की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद आसमान से धूल का प्रभाव भी कम हो गया है। बुधवार से शुक्रवार तक मौसम शुष्क रहने और बीच-बीच में दक्षिण-पश्चिमी गर्म हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, 29 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और राजस्थान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से 29 मई की रात से एक जून तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में आंशिक बादलवाही, धूलभरी हवाएं और कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

एयरफोर्स सार्जेंट के सूने मकान में लाखों की चोरी, नकदी व जेवरात लेकर फरार हुए चोर

बहादुरगढ़ : बहादुरगढ़ के वेदान्त नगर परनाला रोड स्थित एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसियों ने मकान का मुख्य गेट खुला देखा और इसकी सूचना मकान मालिक को दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वेदान्त नगर निवासी अभिषेक कौशिक ने बताया कि वह भारतीय वायुसेना पुलिस में सार्जेंट के पद पर जोरहाट (असम) में तैनात हैं, जबकि उनकी पत्नी दिल्ली सरकार में अध्यापिका हैं। 13 मई को उनकी पत्नी और माता घर को ताला लगाकर जोरहाट चली गई थीं। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि मकान का मुख्य गेट खुला हुआ है। इसके बाद उन्होंने अपने मामा विजय शर्मा को घर भेजा। घर पहुंचने पर अलमारी और संदूक खुले मिले तथा सामान बिखरा पड़ा था। अभिषेक कौशिक ने बताया कि चोर घर से करीब 3.06 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, बालियां, चांदी की पायल, चुटकियां व करीब 430 ग्राम चांदी चोरी कर ले गए। मकान करीब 12-13 दिनों से बंद था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अंबाला के बिचपड़ी का तिहरा हत्याकांड: मृतक संदीप की पत्नी बोलीं- पति को पाई-पाई के लिए कर दिया था मोहताज

अंबाला (हरियाणा) : शहजादपुर के बिचपड़ी गांव में तिहरे हत्याकांड की परतें अब भी पूरी तरह नहीं खुली हैं। इसी बीच आरोपी अभिषेक के बड़े भाई मृतक संदीप की पत्नी नेहा देवी वारदात के दिन ही ससुराल छोड़कर मायके ठसका चली गईं थीं। उन्होंने ससुर सतबीर, सास व देवर अभिषेक के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मंगलवार को अमर उजाला से बातचीत में नेहा देवी ने बताया कि फरवरी में उनकी शादी को दो साल पूरे हुए थे। पति स्वभाव से सीधे थे। गृहस्थी शुरू हुई तो खर्चे भी बढ़े। खर्चे के लिए वह ससुर सतबीर पर निर्भर थे। पति को पाई-पाई का मोहताज बना दिया था, इसी कारण झगड़े बढ़ने लगे।बार-बार रुपयों के लिए उन्हें पिता से बोलना अच्छा नहीं लगता था। दूसरी तरफ ससुर देवर पर जमकर खर्च कर रहे थे। देवर कभी चंडीगढ़ तो कभी कसौली में घूमता रहता था। इसी बात पर कई बार कलह हुई। मुझे क्या पता था कि यह सभी मिलकर उनकी हत्या करा देंगे। नेहा ने बताया कि घर के खर्चे, बच्चों की दवाई के खर्च बढ़ रहे थे, घरवालों ने खर्चा देना काफी कम कर दिया था। ऐसे में पति ने चाचा महेंद्र से बात की। इसके बाद चाचा ने किसी से एक लाख रुपये तो अन्य धनराशि कहीं और से प्रबंध कर चार भैंसें खरीदी थीं।

17 पंजाबी गिरफ्तारः अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली गिरोह बेनकाब, एशियाई व्यापारियों को बनाते थे निशाना



जालंधर : कनाडा की पील क्षेत्रीय पुलिस ने एक बड़े संयुक्त अभियान में अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली गिरोह का पदार्फाश करते हुए भारतीय और पंजाबी मूल के 17 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह ब्रैम्पटन, मिसिसॉगा, कैलेडन, ब्रिटिश कोलंबिया और अमेरिका के कैलिफोर्निया तक सक्रिय था तथा पंजाबी और दक्षिण एशियाई व्यापारियों को निशाना बना रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह रेस्तरां मालिकों, ट्रक कंपनियों और कारोबारियों से धमकी देकर वसूली करता था। रकम न देने पर गोलीबारी, आगजनी और हिंसक हमलों की घटनाएं भी सामने आई हैं। पुलिस ने इस नेटवर्क से जुड़ी कुल 24 घटनाओं का खुलासा किया है, जिनमें 16 गंभीर हिंसक वारदातें शामिल हैं।

कई मामलों में करीब 324 गोलियां चलाए जाने का भी दावा किया गया है। दबिश के दौरान पुलिस ने 6 अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, मोबाइल, सिम कार्ड और फर्जी पहचान पत्र बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर कुल 106 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में इकबाल सिंह भगरिया, आकाशदीप सिंह, रविंदर सिंह, जशनबीर सिंह, दिलावरप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, प्रभदीप सोहल, प्रतापबीर घुमन, अजयदीप सिंह, नवरूप सिंह, राजन सिंह, अमृतजोत सिंह, जशनप्रीत सिंह, गुनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, मोहिंदर सिंह और गौतम गौतम शामिल हैं।

पील क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख निशान दुरैयप्पा ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार संगठित अपराध नेटवर्क से जुड़ा था और कई एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से इसे तोड़ा गया। कनाडा सीमा सेवा एजेंसी ने भी छह आरोपियों को आव्रजन नियमों के उल्लंघन के तहत हिरासत में लिया है, जिनके भारत निर्वासन की संभावना जताई जा रही है।

दबिश के दौरान पुलिस ने 6 अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, मोबाइल, सिम कार्ड और फर्जी पहचान पत्र बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों पर कुल 106 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

योगी सरकार का डिजिटल विजन तेज रफ्तार पर, प्रोजेक्ट गंगा जल्द होगा लाइव

ग्रामीण उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति की तैयारी, ब्रॉडबैंड, फ्री वाई-फाई और डिजिटल सेवाओं से बदलेगी गांवों की तस्वीर

योगेश कुमार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गंगा अब जल्द लाइव होने जा रहा है। सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट गंगा का उद्देश्य गांवों और छोटे शहरों तक आधुनिक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी हाई स्पीड इंटरनेट और नई तकनीकों से सीधे जुड़ सकें। परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, फ्री पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी, आईपीटीवी और डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा।



जुलाई 2025 से शुरू हुआ था मिशन

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कप्रोजेक्ट गंगा की शुरूआत जुलाई 2025 में प्रारंभिक सीडिंग के साथ हुई थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में विभिन्न सरकारी विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ रणनीतिक चर्चाएं शुरू हुईं। जनवरी 2026 में कॉन्सेप्ट नोट साझा किया गया, जबकि नौ मार्च 2026 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। इसके बाद मीडिया कवरेज, फाइनल डीपीआर और एमएसएमई विभाग के माध्यम से जिलाधिकारियों को पत्र जारी करने जैसी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। अप्रैल 2026 तक बैंकिंग पार्टनर्स के साथ फाइनेंशियल एनेबलमेंट को लेकर भी रणनीतिक बातचीत शुरू कर दी गई। इससे अब यह परियोजना लाइव के लिए पूरी तरह तैयार मानी जा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के तहत डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और आधुनिक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसके माध्यम से घर-घर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, पब्लिक वाई-फाई और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच संभव होगी। साथ ही सीसीटीवी आधारित सुरक्षा समाधान, साइबर सिक्योरिटी सेवाएं और संस्थानों की डिजिटल कनेक्टिविटी को भी मजबूत किया जाएगा। परियोजना का लक्ष्य केवल इंटरनेट पहुंचाना नहीं, बल्कि गांवों को भविष्य की डिजिटल तकनीकों के लिए तैयार करना है। इस प्रोजेक्ट के जरिए ग्रामीण युवाओं को डिजिटल रोजगार से जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया है। इसके तहत फ्रीलांसिंग, रिमोट वर्क, ऑनलाइन वोकेशनल ट्रेनिंग और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे गांवों में रहने वाले युवाओं को भी बड़े शहरों जैसी डिजिटल संभावनाओं का लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इकॉनामी को नई गति दे सकती है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि डिजिटल कनेक्टिविटी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में प्रोजेक्ट गंगा कनेक्टेड गांव, समृद्ध यूपी के विजन को मजबूत आधार देगा।

योगी सरकार प्री-प्राइमरी शिक्षा की मजबूत कर रही नींव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा सुधार को प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के साथ-साथ प्री-प्राइमरी स्तर तक मजबूत करने में जुटी हुई है। प्रदेश के समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए गतिविधि आधारित आधुनिक शिक्षण सामग्री का वितरण शुरू किया गया है। चहक-1, 2, 3, कदम, कलांकुर, बिग बुक, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और बालवाटिका पुस्तिका जैसी सामग्री के माध्यम से अब लाखों नौनिहालों को शुरूआती शिक्षा का नया और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। योगी सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को बच्चों की सीखने की बुनियाद माना गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं को केवल पोषण और देखभाल तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रारंभिक शिक्षा और गतिविधि आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में आयु वर्ग के अनुसार शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने की शिष्टाचार मुलाकात



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को रांची स्थित कांके रोड के मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी की गई। मुलाकात के दौरान प्रमंडल क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। इसके साथ ही क्षेत्र में आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति बनाए रखते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, प्रमंडलीय आयुक्त ने मुख्यमंत्री को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में संचालित योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को किया सम्मानित

अल्मोड़ा। राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह अल्मोड़ा के उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

इस वर्ष के लिए 32 संगठनों, व्यक्तियों, समूहों को उनके द्वारा किए गए नवाचारी एवं सतत पहलों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एसडीजी की वार्षिक रैंकिंग में 6 जनपदों को शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर उन सभी व्यक्तित्वों और संस्थाओं को सम्मानित करने का है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने सभी महानुभावों एवं संस्थाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे कर्मयोगियों के बीच उपस्थित होना उनके लिए गौरव का विषय है, जिन्होंने अपने समर्पण, परिश्रम और संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 32 ऊजार्वान औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत इरादों और सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं तथा साधारण से असाधारण की यात्रा तय की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य को प्रत्येक वर्ष अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब पर्यावरण और विकास साथ-साथ चलते हैं तभी संतुलित एवं स्थायी विकास संभव होता है।



हेलीपैड पर मुख्यमंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं, किसानों को खाद उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के साथ ही किसानों को खाद उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। बुधवार को मुख्यमंत्री धामी ने लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता की समस्याओं को सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े मामलों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्याओं पर भी विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधन समय पर मिलना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी को सही ठहराया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया है। कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग वाली कंपनियों को जीएसटी अधिकारियों की ओर से भेजे गए कारण बताओ नोटिस को कानून के मुताबिक आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय ने देश की लगभग 71 ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को करीब 1.12 लाख करोड़ के टैक्स नोटिस भेजे थे। इस नोटिस से प्रभावित गेमिंग कंपनियों ने फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। अगस्त, 2023 में केंद्रीय जीएसटी कानून में संशोधन कर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को भी सट्टेबाजी और जुए की श्रेणी में रखा। संशोधन के मुताबिक यूजर को गेम खेलने के लिए एंट्री फीस के साथ 28 फीसदी जीएसटी देना होगा।





राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विधि शिक्षा प्रत्यक्षतः समाज से जुड़ी शिक्षा है। इसका उपयोग विद्यार्थी जरूरतमंदों, पीड़ित और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए करें। उन्होंने विधि शिक्षा में राष्ट्र और समाज हितों को सदा अग्रणी रखने और इस शिक्षा में उच्च संवैधानिक मूल्यों के साथ राजस्थान को अग्रणी किए जाने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ में लागू होगी इम्प्रूव्ड राईस स्कीम

रायपुरः छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की नवीन इम्प्रूव्ड राईस स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में आज न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस रायपुर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने की। इसमें छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड तथा प्रदेशभर के राईस मिलर्स ने भाग लिया।



कार्यशाला में खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि भारत सरकार आगामी खरीफ वर्ष में इम्प्रूव्ड राईस स्कीम को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य के राईस मिलों को निर्धारित मानकों के अनुरूप तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवश्यक होगा। मिलर्स द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाएंगे।

वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम से बदलेगी सीमावर्ती गांवों की तस्वीर



जयपुर। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-।। के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की निगरानी में सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, रोजगार सृजन और सामुदायिक विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीमावर्ती गांव देश के अंतिम नहीं, बल्कि प्रथम गांव हैं की सोच को आधार बनाकर राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का नेटवर्क तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री स्वयं योजना की नियमित मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दे रहे हैं। वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम-।। के तहत राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के 184 रणनीतिक गांवों का चयन किया गया है। इनमें श्रीगंगानगर के 68, बीकानेर के 46, बाड़मेर के 36, जैसलमेर के 30 और फलौदी जिले के 4 गांव शामिल हैं। इन गांवों में सड़क संपर्क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, दूरसंचार, टेलीविजन कनेक्टिविटी, पर्यटन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने सहित कई विकास कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रणनीतिक गांव के विकास के लिए प्रतिवर्ष 3 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में चयनित 184 गांवों में से 123 गांवों में 232 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 515 विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

इसके अलावा सीमा ब्लॉकों के 3 हजार 195 गांवों में सड़क, दूरसंचार, टीवी कनेक्टिविटी और ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण जैसी सुविधाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ : मुख्यमंत्री

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में बुधवार को आयोजित योग महोत्सव 2026 कार्यक्रम को वीडियो कानफ्रेंस के जरिए वर्चुअली जुड़कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों "घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग" अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग आज सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि 'वन अर्थ-वन हेल्थ' की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। मध्य प्रदेश सरकार घर-घर योग हर व्यक्ति निरोध के भाव से योग और आयुष चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। आयुष विभाग के माध्यम से आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियों के माध्यम से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए सफल अभियान चलाया जा रहा है। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है।



'सार्वजनिक वितर[illegible] प्रणाली में स्वचालन के साथ आय' योजना को मंजूरी सराहनीयः मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सार्थक-पीडीएस फेज-2 के लिए 25 हजार 530 करोड़ की मंजूरी देने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि "राशन परिवहन और प्रबंधन में सहायता- सार्वजनिक वितरण में स्वचालन के साथ आय" की यह पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सार्थक- पीडीएस योजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य आधुनिक तकनीकों के उपयोग से राशन वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह निर्णय गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष स्व. रूपनारायण सिन्हा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बुधवार को राजधानी रायपुर के कबीर नगर स्थित छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष, संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री स्वर्गीय रूपनारायण सिन्हा के निवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अंतिम दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय रूपनारायण सिन्हा का स्नेह, सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन भाजपा परिवार, संगठन और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, शुभचिंतकों और समर्थकों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने किया बिरसा लिब्स इन न्यू भारत कार्यक्रम का शुभारंभ,

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित बिरसा लिब्स इन न्यू भारत थीम पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लाभुक छात्र-छात्राओं से संवाद किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ अपने आप में ऐतिहासिक पहल है, जो समाज के वंचित तबकों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज का महानायक बताते हुए कहा कि देश इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती मना रहा है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 नवंबर को की थी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार और झारखंड के विभाजन के बाद बिहार में हरित आवरण काफी कम होकर मात्र 8 से 9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इसके परिणामस्वरूप अब बिहार का वन क्षेत्र बढ़कर लगभग 15 प्रतिशत हो गया है और सरकार का लक्ष्य इसे 17 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है, जहां बिहार बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इससे अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत लगभग एक लाख चार हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है। इनमें 4,155 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार छात्र-छात्राओं को सहायता दी गई है, जिनमें 1 लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी आदिवासी समाज की बड़ी आबादी (लगभग 20 हजार) निवास करती है और सरकार उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं तथा जुलाई महीने से नए डिग्री कॉलेजों की शुरूआत की जाएगी, ताकि ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन से ही धनार्जन संभव है और जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

